राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–222/2024

राज्यपाल ने 'द लल्लनटॉप बिहार अड्डा' कार्यक्रम में भाग लिया

पटना, 25 अक्टूबर 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बापू सभागार, पटना में आयोजित 'द लल्लनटॉप बिहार अड्डा' कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित युवा छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को सही दिशा देने की जरूरत है, वह सबकुछ कर सकती है। उन्होंने अच्छी पुस्तकों को मित्र एवं मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि युवाओं को पुस्तक पढ़ने की आदत डालनी चाहिए, इससे उन्हें नये रास्ते मिलेंगे। पुस्तक पढ़ने से बच्चे मोबाईल आदि का उपयोग भी कम करेंगे। पुस्तक पढ़ने की आदत बच्चों के साथ–साथ वयस्कों में भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करने हेतु राजभवन द्वारा 'आओ पुस्तक पढ़े, पढ़े बिहार बढ़े बिहार' नामक अभियान की शुरूआत भी की गई है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार के युवा अत्यन्त मेधावी होते हैं। युवाओं के परिश्रम और समर्पण से भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सकेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का अभिप्राय देश के आर्थिक विकास के साथ–साथ शिक्षा, संस्कृति, टेक्नोलॉजी आदि सभी क्षेत्रों में इसका सम्यक विकास है। इससे 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश चरितार्थ होगा। हमारे युवाओं में शेर की ताकत है और उनके बदौलत ही भारत विकसित होगा। भारत सोने की चिड़िया नहीं, बल्कि सोने का शेर बनेगा, जिसकी दहाड़ पूरी दुनिया सुनेगी। पूरा विश्व इसकी ताकत को महसूस करेगा।

कार्यक्रम को 'द लल्लनटॉप' के संपादक श्री सौरभ द्विवेदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर इंडिया टूडे ग्रुप के पदाधिकारीगण, बड़ी संख्या में युवा छात्र–छात्राएँ तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....